(b) वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/ तकनीशियन (एसटी/टीएन) (श्रेणी-II)
**Stipendiary Trainee /Technician (ST/TN) Cat-II)**

1. **लिखित परीक्षा Written Examination**
लिखित परीक्षा ओएमआर या कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सी बी टी) पर होगी
The written examination will be OMR based or Computer Based Test(CBT)
लिखित परीक्षा दो चरणों में होगी The Written Examination will be in two stages

**चरण -1**-प्रारंभिक परीक्षा (अवधि 1 घंटा) **Stage-1**- Preliminary Test (1 Hour Duration)
**चरण -2**-एडवांस्ड परीक्षा (अवधि 2 घंटे) **Stage-2**- Advanced Test (2 Hour Duration)

**चरण -1** – प्रारंभिक परीक्षा : यह अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करने के लिए एक छंटनी परीक्षा होगी | छंटनी परीक्षा का संरूप निम्नानुसार कॉमन होगा :

**Stage-1** – Preliminary Test: It will be a screening examination to be held to shortlist candidates. The format of screening examination shall be common and will be in following format:

2. (अ) **01 (एक)**घंटे की परीक्षा में निम्न अनुपात में बहुविकल्पी प्रकार (4 उत्तरों के विकल्प) के कुल **50 प्रश्न** होंगे :
Examination will comprise **50 multiple choice questions** (Choice of four answers) of **01 (one) hour** duration in the following proportion:

| | | |
|---|---|---|
| i | गणित Mathematics | 20 प्रश्न Questions |
| ii | विज्ञान Science | 20 प्रश्न Questions |
| iii | सामान्य जागरूकता General Awareness | 10 प्रश्न Questions |



(ब) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएँगे और गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा|
03 (Three) marks to be awarded for each correct answer and 01 (one) mark to be deducted for each incorrect answer.
(स) उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एकल/बहुसत्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी|
Tests may be conducted in single/multiple sessions depending upon logistics requirements.

3. **अर्हता मानक :** अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे :
**Qualifying Standards :** The qualifying standards shall be as follows:
**सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) / ईडब्ल्यूएस** - 40% अंक **General Category (UR)/EWS** – 40% marks
**अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/बे.नि.** – 30% अंक (यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति उपलब्ध हो तो, लागू)
**SC/ST/OBC(NCL)/PwBD** – 30% marks (applicable if vacancy exists in relevant reserved category).

तदनुसार, 40% से कम अंक पाने वाले **सामान्य /ईडब्ल्यूएस** श्रेणी के तथा 30% से कम अंक पाने वाले **अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/ बे.नि.** श्रेणी के अभ्यर्थी छंटनी में चरण-2 की परीक्षा से बाहर हो जाएँगे|
Accordingly, the General Candidates/EWS < 40% marks and the candidates belonging to SC/ST/OBC(NCL)/PwBD with < 30% marks will be screened out for Stage-2.

**चरण-2 – एडवांस्ड परीक्षा [परीक्षा 02 (दो) घंटे अवधि की होगी]**
**Stage-2 – Advanced Test [Test will be of 02 (two) hour duration]**

4. (अ) चरण-I में चुने गए सभी अभ्यर्थियों की उनके संबंधित ट्रेड में एक एडवांस्ड परीक्षा ली जाएगी|
All candidates screened in Stage-1 to undertake an advanced test in their respective trade applicable for the post.
(ब) परीक्षा की अवधि 02 (दो) घंटे होगी|
The Test will be of 02 (two) hours duration.
(स) प्रश्नों का स्तर उनके द्वारा उत्तीर्ण शैक्षणिक/प्रोफेशनल/तकनीकी योग्यता के अनुरूप होगा|
The level of questions will be related to their qualifying academic / professional / technical qualification.
(द) परीक्षा में बहुविकल्पी प्रकार (4 उत्तरों के विकल्प) के कुल 50 प्रश्न होंगे, जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएँगे और गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा|
The Test will comprise 50 Multiple choice questions (Choice of four answers) with 03 (Three) marks to be awarded for each correct answer and 01 (one) mark to be deducted for each incorrect answer.

5. **अर्हता मानक :** अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे :
**Qualifying Standards:** The qualifying standards shall be as follows:
(अ) **सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) / ईडब्ल्यूएस** - 30% अंक
**General Category (UR)/EWS** – 30% marks.
(ब) **अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/बे.नि.** – 20% अंक (यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति उपलब्ध हो तो, लागू)
**SC/ST/OBC(NCL)/PwBD** – 20% marks (applicable if vacancy exist in relevant reserved category).

तदनुसार, <30% अंक पाने वाले **सामान्य श्रेणी/ ईडब्ल्यूएस** के एवं <20% अंक पाने वाले **अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/बे.नि.** श्रेणी के अभ्यर्थी छंटनी में चरण-3 के लिए बाहर हो जाएँगे|
Accordingly, the General Candidates/EWS <30% marks and the candidates belonging to SC/ST/OBC(NCL)/PwBD with <20% marks will be screened out for Stage-3.

6. चरण-2 के पश्चात एक योग्यता-क्रम सूची केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी|
A merit list of candidates will be prepared after Stage-2 based upon scores obtained in Stage-2 only.

7. समान अंक होने की स्थिति में, योग्यता क्रम सूची में स्थिति का निर्धारण करने के लिए क्रम से निम्नलिखित मापदंड अपनाए जाएँगे :-
In the event of a tie, following criteria shall be adopted in sequence for deciding position in merit list:
(अ) चरण -2 में कम ऋणात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with lower negative marks in Stage-2 to be placed higher on the merit list.
(ब) चरण -1 में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher marks in Stage-1 to be placed higher on the merit list.
(स) चरण -1 में कम ऋणात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with lower negative marks in Stage-1 to be placed higher on the merit list.
(द) चरण -1 में गणित विषय में अधिक धनात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher positive marks in mathematics in Stage-1 to be placed higher.
(ध) चरण -1 में विज्ञान विषय में अधिक धनात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher positive marks in Science in Stage-1 to be placed higher.

8. अभ्यर्थियों को प्रारंभिक एवं एडवांस्ड परीक्षा एक ही दिन में देनी होगी| प्रारंभिक परीक्षा प्रातःकालीन सत्र में एवं चरण -2 के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए एडवांस्ड परीक्षा अपराह्न/सायंकालीन सत्र में आयोजित की जाएगी|



Candidates to undertake the Preliminary and Advanced Test on the same day. Preliminary Test may be carried out in the morning session and the advanced test for candidates screened in for **Stage-2** to be carried out in the afternoon/evening session.

**चरण 3 : कौशल परीक्षा वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/ तकनीशियन (एसटी/टीएन) (श्रेणी-II)**
**Stage 3 : Skill Test for the Stipendiary Trainee /Technician (ST/TN) (Cat-II)**

1. चरण -2 के पश्चात तैयार की गई योग्यता क्रम सूची के आधार पर प्रत्येक ट्रेड के अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट किया जाएगा|
   Based upon the merit list prepared after Stage-2, candidates in each trade will be shortlisted for Skill Test.
2. कौशल परीक्षा केवल अर्हक प्रकृति की होगी जिसके आधार पर आगे जाना है/नहीं जाना है, का निर्णय होगा|
   The skill test will be of qualifying nature only on Go / No Go basis.
3. कौशल परीक्षा के लिए शोर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या चरण -2 के लिए योग्य अभ्यर्थियों की संख्या पर निर्भर करेगी परन्तु यह प्रत्येक पद में रिक्तियों की संख्या के 5 गुणा से ज्यादा नहीं होगी तथापि टाई होने की स्थिति में कौशल परीक्षा के लिए शोर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या 5 गुना से अधिक हो जाएगी।
   The number of candidates shortlisted for Skill Test would depend upon the number of candidates qualifying for Stage-2 but will not exceed 5 times the number of vacancies for each post. However, in case of tie the number of candidates to be shortlisted for Skill Test may exceed the limit of 5 times.
4. कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शोर्ट लिस्ट कर चरण-2 में अर्जित अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में पैनल में रखा जाएगा|
   Candidates clearing the Skill Test to be shortlisted and empanelled in order of merit based on marks secured in Stage-2.
5. शारीरिक क्षमता परीक्षण एवं दस्तावेजों के सत्यापन में सफल रहने पर ही शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा ली जाएगी।
   The shortlisted candidates will undergo skill test only on successful completion of Physical Standard Test and Document Verification.